# बिहार सरकार
## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक–प्र06–विविध–12/2020– 93/FS खाद्य, पटना/दिनांक– 07.8.2021

प्रेषक,

दिनेश कुमार, भा0प्र0से0
निदेशक ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
अररिया, अरवल, दरभंगा, जमुई, मधेपुरा, मधुबनी, नवादा,
पटना, शेखपुरा, बक्सर एवं कैमूर।

**विषय :– प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत माह सितम्बर, 2021 एवं अक्टूबर, 2021 के आवंटन में खाद्यान्न उठाव की स्थिति एवं भंडारण की अद्यतन समस्या के कारण संशोधन के संबंध में।**

प्रसंग :– बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम का पत्रांक 5744 दिनांक 07.08.2021

महाशय/महाशया

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निगम के प्रासंगिक पत्र के द्वारा खाद्यान्न उठाव की वर्तमान स्थिति एवं भंडारण की समस्या के कारण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत राजस्व जिला अररिया, अरवल, दरभंगा, जमुई, मधेपुरा, मधुबनी, नवादा, पटना एवं शेखपुरा से पूर्विकताप्राप्त गुहस्थियों हेतु आवंटित गेहूँ की मात्रा को घटाकर उक्त मात्रा को राजस्व जिला बक्सर एवं कैमूर को अतिरिक्त रूप से आवंटित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत विभागीय पत्रांक 2276 दिनांक 25.06.2021 के द्वारा पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी के लाभुकों हेतु आवंटित केवल गेहूँ की मात्रा को माह अक्टूबर, 2021 एवं सितम्बर, 2021 हेतु निम्नांकित जिलों के लिए निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

(मात्रा क्वीं0 में)

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | पूर्विकताप्राप्त लाभुकों हेतु पूर्व में आवंटित गेहूँ की मात्रा | गेहूँ की मात्रा में गई कटौती (क्वीं0 में) | गेहूँ की आवंटित अतिरिक्त मात्रा (क्वीं0 में) | संशोधित आवंटन (क्वीं0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 49565.70 | 2500 | -- | 47065.70 |
| 2 | अरवल | 8622.58 | 8500 | -- | 122.58 |
| 3 | दरभंगा | 67563.36 | 3000 | -- | 64563.36 |
| 4 | जमुई | 25027.00 | 2300 | -- | 22727.00 |
| 5 | मधेपुरा | 32643.44 | 4700 | -- | 27943.44 |
| 6 | मधुबनी | 66925.96 | 2500 | -- | 64425.96 |

D:\YEAR = 2020\SEC = 06 (SIX)\Abhi-06.doc

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | पूर्विकताप्राप्त लाभुकों हेतु पूर्व में आवंटित गेहूँ की मात्रा | गेहूँ की मात्रा में गई कटौती (क्वीं0 में) | गेहूँ की आवंटित अतिरिक्त मात्रा (क्वीं0 में) | संशोधित आवंटन (क्वीं0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | नवादा | 31128.84 | 2500 | -- | 28628.84 |
| 8 | पटना | 82052.86 | 25000 | -- | 57052.86 |
| 9 | शेखपुरा | 8311.98 | 1071.91 | -- | 7240.07 |
| 10 | बक्सर | 16858.34 | -- | 29971.91 | 46830.25 |
| 11 | कैमूर | 15874.80 | -- | 22100.00 | 37974.80 |
| **कुल मात्रा :–** | | **404574.86** | **52071.91** | **52071.91** | **404574.86** |

**2.** विभागीय पत्रांक 2276 दिनांक 25.06.2021 द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना से आच्छादित लाभुकों हेतु आवंटित खाद्यान्न यथा – गेहूँ एवं चावल की मात्रा तथा पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी अन्तर्गत चावल की मात्रा यथावत् रहेगी। साथ ही, शेष सभी जिलों के लिए विभागीय पत्रांक 2276 दिनांक 25.06.2021 द्वारा आवंटित खाद्यान्न की मात्रा भी यथावत् रहेंगी।

**3.** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत माह नवम्बर, 2021 से विभागीय पत्रांक 2276 दिनांक 25.06.2021 द्वारा आवंटित खाद्यान्न की मात्रा सभी जिलों के लिए यथावत् रहेगा।

विश्वासभाजन,

निदेशक ।

ज्ञापांक– प्र06–विविध–12/2020– 93/FS खाद्य, पटना/दिनांक–07.8.2021

प्रतिलिपि–प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पटना एवं महाप्रबंधक (क्षेत्र), भारतीय खाद्य निगम, अरूणाचल भवन, एक्जीविशन रोड, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक ।

D:\YEAR = 2020\SEC = 06 (SIX)\Abhi-06.doc